# HALF YEARLY EXAMINATION : 2022-23

CLASS - XI (ISC)

Time: 3 hrs. HINDI M.M.: 80

**Candidates are allowed additional 15 minutes for only reading the paper.**
**They must not start writing during this time.**
**Answer questions 1, 2 and 3 in section 'A' and four questions from section 'B' on any three out of the four prescribed textbooks.**
**The intended marks for questions or part of questions are given in brackets [ ].**

## SECTION - 'A' [40 Marks] Language

Q.1. Write a composition in approximately 400 words in Hindi on anyone of the topics given below : [15]

किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए जो 400 शब्दों से कम न हो –

i) 'व्यक्ति की उन्नति में संस्कारों, शिक्षा एवं सामाजिक परिवेश का योगदान होता है।' इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

ii) 'एकल परिवार' में बच्चों के बेहतर जीवन की संभावना ज़्यादा होती है।' इसके पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

iii) छात्र होने के नाते देश के प्रति आपके क्या–क्या कर्त्तव्य हैं ? आप उनका पालन किस प्रकार करेंगे ? विस्तार से लिखिए।

iv) 'बालक एक कच्ची मिट्टी की तरह है। उसका निर्माण उसके चारों ओर का पर्यावरण करता है।' वर्तमान संदर्भ में बालकों की बदलती मानसिकता पर प्रकाश डालिए।

v) 'चित्त की चंचलता मानव की सबसे बड़ी दुर्बलता है।' इस कथन की सत्यता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

vi) a) एक मौलिक कहानी लिखिए, जिसका अन्तिम कथन हो–
हे ईश्वर! ऐसा दिन फिर कभी न देखना पड़े।

b) 'जहाँ सुमति तहाँ सम्पत्ति नाना'

Q.2. Read the following passage and briefly answer the questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर अन्त में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

यह पृथ्वी शेषनाग के मस्तक पर स्थित है। अगर शेषनाग का आधार टूट जाये तो पृथ्वी स्थिर नहीं रह सकेगी, यह जर्रा–जर्रा हो जायेगी। हमने सोचा यह शेषनाग कौन है ? ध्यान में आया, दिन भर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूर जो किस्म–किस्म की पैदावार करते हैं, वे ही ये शेषनाग हैं। सबका आधार उन मजदूरों पर है। इसलिए भगवान ने मजदूरों को कर्मयोगी कहा है। लेकिन सिर्फ कर्म करने से कोई कर्मयोगी नहीं होता। हिन्दुस्तान में कुछ मजदूर खेतों में काम करते हैं, कुछ रेलवे में काम करते हैं, कुछ कारखानों में काम करते हैं। दिन–भर मजदूरी करते हैं और अपने पसीने से रोटी कमाते हैं। जो शख्स पसीने से रोटी कमाता है वह धर्मपुरुष हो जाता है। उसके जीवन में पाप का आसानी से प्रवेश नहीं हो सकता। दिन भर काम कर लिया तो रात को गहरी नींद आती है। न दिन में पाप कर्म करने के लिए समय मिलता है, न रात को कुछ सूझ सकता है, क्योंकि थका माँदा शरीर आराम चाहता है। उसे नींद की ज़रूरत होती है। जिस जीवन में पाप चिंतन की गुंजाइश ही न हो, वह धार्मिक जीवन होना चाहिए।

अनुभव तो यह है कि जो काम नहीं करते उनके जीवन में तो पाप है ही, पर उन पापों ने मजदूरों के जीवन में भी प्रवेश कर लिया है। कई प्रकार के व्यसन उनमें होते हैं। यानी केवल श्रम करने से कोई कर्मयोगी नहीं होता। हाँ, जो श्रम टालता है, वह तो कर्मयोगी हो ही नहीं सकता। उसके जीवन में पाप है तो आश्चर्य नहीं, क्योंकि उसके पास समय फाजिल पड़ा है। जहाँ समय फाजिल है, वहाँ शैतान का काम शुरू होता है। इसलिए फुरसती लोगों के जीवन में पाप दिखता है, तो आश्चर्य नहीं, पर मजदूरी करने वालों के जीवन में पाप दिखता है तो सोचना चाहिए कि ऐसा क्यों होता है ? ऐसा इसलिए होता है कि वे कर्म को पूजा नहीं समझते। कर्म लाचारी से करना पड़ता है, इसलिए करते हैं। वे अगर काम से मुक्त हो सकें तो बहुत जल्दी राजी हो जायेंगे। सच्चे कर्मयोगी की यह हालत नहीं होती।

i) मजदूरों को शेषनाग क्यों कहा है ? [3]

ii) इनके जीवन में पाप आसानी से क्यों नही आ पाता ? [3]

iii) श्रमिक के जीवन में पाप कैसे दिखता है ? [3]

iv) सच्चा कर्मयोगी किसे कहा गया है ? [3]

v) धर्मपुरुष कौन होता है ? [3]

Q.3. a) Correct the following sentences : [5]

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –

i) मैं कुछ पाँच मिनट में आऊँगा।
ii) अब पछताये होत क्या जब चिड़ियाँ चुन गई खेत।
iii) शिकारी ने गोली से शेर को धराशायी कर दिया।
iv) वह विलाप करके रोने लगा।
v) प्रसाद जी के पिता पुराने तम्बाकू के व्यापारी थे।

b) Use the following idioms in sentences of your own to illustrate their meaning:

निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए– [5]

i) इधर–उधर की हाँकना। ii) रँगा सियार
iii) चैन की बंसी बजाना। iv) जल भुनकर कोयला होना।
v) डींग मारना।

## SECTION-'B' [40 Marks]

**Answer four questions from this section on atleast three of the prescribed text books :**

### गद्य संकलन

Q.4. "हाय मेरे स्टील का बक्स।"

i) यह कथन किसने तथा कब कहा ? [1]
ii) स्टील का बक्स चोरी हो जाने पर वक्ता की दशा का वर्णन कीजिए। [2]
iii) समाज सेविका दोनों हाथों से सिर थाम कर क्यों बैठ गई ? महिलाओं को गहरी नींद आने का कारण क्या था ? [2]
iv) सती अपने सहयात्रियों का क्या–क्या सामान ले गई ? विस्तार से वर्णन कीजिए। [5]

Q.5. सीताराम जी के घर आने के बाद एक ही व्यक्ति और रिश्ते के प्रति राधाकृष्ण जी, कुन्ती और गौरी के मन में क्या विचार उठते हैं और अंत में गौरी क्या निर्णय लेती है ? स्पष्ट कीजिए। [10]

Q.6. 'सती' कहानी के किस पात्र ने आपको सर्वाधिक प्रभावित किया है और क्यों ? स्पष्ट कीजिए। [10]

### काव्य मंजरी

Q.7. मेरे दीप फूल लेकर वे
अंबा को अर्पित करके,
दिया पुजारी ने प्रसाद जब
आगे को अंजलि भर के।
भूल गया उसका लेना झट
परम लाभ सा पाकर मैं।
सोचा बेटी को माँ के ये
पुण्य पुष्प दूँ जाकर मैं।

i) प्रस्तुत पंक्तियों में किसके बारे में कहा गया है ? [1]
ii) वह मंदिर में क्यों गया था ? उसे क्या विश्वास था ? [2]
iii) मंदिर से क्या लाने को किसने, किससे कहा और क्या सोचकर कहा ? [2]
iv) प्रस्तुत पंक्तियों का अर्थ लिखिए। [5]

Q.8. 'सूर' ने बालकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किस प्रकार किया है ? –'बाल लीला' के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [10]

Q.9. प्राचीन समय में अस्पृश्यता जैसी बुराई ने समाज को किस हद तक प्रभावित किया था ? 'एक फूल की चाह' कविता के आधार पर विवेचना कीजिए। [10]

### सारा आकाश

Q.10. "और तो कुछ उम्मीद महारानी जी से है नहीं यह ठीक से कर दें तो प्रसाद बाँटूँगी। मुझे तो दीखे, उसमें भी बीस बातें उठेंगी।"

i) यहाँ प्रसाद बाँटने की बात कौन कह रहा है तथा क्यों ? [1]
ii) यहाँ महारानी जी किसे कहा गया है तथा क्यों ? [2]
iii) वक्ता का प्रभा के प्रति व्यवहार कैसा है ? [2]
iv) प्रभा से किस कार्य की उम्मीद की जा रही है और वह उसमें कितनी सफल होती है ? [5]

Q.11. प्रभा एक आदर्श गृहणी है। वह मुसीबतों में घबराती नहीं है।–इस कथन के आधार पर 'प्रभा' की चारित्रिक विशेषताओं को उजागर कीजिए। [10]

Q.12. 'सारा आकाश' एक समस्या प्रधान उपन्यास है। विवेचना कीजिए।' [10]